# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि एआई इम्पक्ट समिट भविष्य में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करने की दिशा में विश्व के लिये महत्वपूर्ण मोड़ हुआ साबित।
2. प्रधानमंत्री ने मेरठ मैट्रो और नमो भारत ट्रेन का किया रवाना : मेरठ से लगभग 13 हजार करोड़ रूपये की विकास परियोजनओं को राष्ट्र को किया समर्पित।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि ये परियोजनाएं विकसित भारत की नींव को करेंगी मजबूत।

और

4. प्रदेश भर के मतदेय स्थलों पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज चौथे विशेष अभियान दिवस पर बीएलओ ने दावे और आपत्तिया की दर्ज।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्वस्तर पर आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नव–प्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए। बाइट....

*इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्‌भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड–इन–इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।*

प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को कई वस्तुएं दिखाईं। प्रधानमंत्री ने समिट की सफलता के लिए देशवासियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कनाडा, अमेरिका, ओमान, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और इटली की टोम में कई भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एक नेक काम अनगिनत लोगों का जीवन बदल सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ‘मन की बात’ में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर उनके भाषण के बाद, समाज में इस दिशा में काफी जागरूकता आई है। बाइट...

*देश में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्राड को लेकर हमारे समाज में काफी जागरूकता आई, लेकिन अभी भी हमारे आसपास ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो अक्षम्य हैं। आपका सतर्क रहना, जागरूक रहना बेहद जरूरी है।*

प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में कल से राजगोपालाचारी उत्सव मनाया जाएगा। एक मार्च तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल सी.राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण होगा।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं। बाइट...

*मेरे प्यारे बच्चो, आप तो एक्जाम वारियर हैं। मुझे विश्वास है, आप सभी पूरे मन से इम्तिहान की तैयारियों में लगे होंगे। खुद पर भरोसा रखिए। जो पढ़ा है, उसे पूरे मन से लिखिए और जो नहीं आया, उस एक सवाल को अपने मन पर हावी मत होने दीजिए और एक बात, अपने माता–पिता और शिक्षकों से बात करते रहिए, वे आपके नंबरों से नहीं, आपके प्रयास से आपकी पहचान करते हैं।*

प्रधानमंत्री ने रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया। बाइट...

*हमारे होली के त्योहारों में या अन्य कोई भी त्यौहार में अनेक ऐसे साजो सामान घुस गए हैं, जो विदेशी है। इन्हें त्योहार से दूर रखिए स्वदेशी अपनाइए। जब आज स्वदेशी खरीदते हैं तो देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में भी मदद करते हैं।*

———————————

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आज प्रदेश भर में बड़े उत्साह के साथ सुना गया। वाराणसी, जौनपुर,

कानपुर नगर, सहित प्रदेश भर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों ने भी मन की बात में कही गई बातों को सराहा और उससे प्रेरणा ली।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मेरठ के शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन से मेरठ मेटो और 'नमो भारत ट्रेन' को रवाना किया। उन्होंने मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। प्रधानमंत्री ने 82 किलोमीटर लंबा दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने देश की पहली नमो भारत रिजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम–आरआरटीएस के शेष खंडों का शुभारंभ भी किया। 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के साथ, नमो भारत देश की पहली आरआरटीएस है। यह साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ को दिल्ली से जोड़ती है। प्रधानमंत्री ने मेरठ में लगभग 12 हजार 930 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी। बाइट...

*विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, यह उसकी एक शानदार झांकी है। शहर के भीतर के लिए मेट्रो और ट्विन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन मुझे संतोष है यह काम उत्तर प्रदेश में हुआ है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम भाजपा की डबल इंजन सरकार की प्रगति को दर्शाता है और उनकी

सरकार सभी परियोजनाओं को पूरा करने के प्रति समर्पित है।

बाइट...

*नमो भारत या मेट्रो सेवा दोनों का शिलान्यास करने का अवसर आप सब ने मुझे दिया था और आज मुझे ही इनके लोकार्पण का भी सौभाग्य मिला। मैंने मेट्रो में सफर किया, इस दौरान मेरी स्कूल कॉलेज के अनेक युवाओं से और अन्य यात्रियों से बातचीत हुई है, सबका यही कहना था कि इतने शानदार काम की उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं में नारी शक्ति का प्रदर्शन होता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं विकसित भारत की नींव को मजबूत करेंगी। बाइट...

*रैपिड रेल को उद्घाटन करने के साथ–साथ अपने आप में एक मॉडल है कि मेरठ को इस नमो भारत ट्रेन के साथ मेट्रो की भी एक नई उपहार होली के ठीक पूर्व आदरणीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा आज यहां प्रदान किया जा रहा है। यह उपहार विकसित भारत की उसे नीव को सुदृढ़ करने का एक नया माध्यम हम सबके सामने है, जिसमें अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से भारत की ताकत दिखती है।*

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में एआई तकनीक को बढावा देने के उददेश्य से प्रदेश सरकार की पहल पर एक निजी साफ्टवेयर कंपनी के इनोवेशन सेंटर का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्वांटम कम्प्यूटिंग कार्यक्रम को प्रदेश से प्रारंभ करके डीपटेक की दिशा में प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने के नये अभियान को ले जाने में सफल होगे।

————————

उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री 23 और 24 फरवरी को सिंगापुर, 25 और 26 फरवरी को जापान प्रवास के दौरान 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री जी–टू–बी गवर्नमेंट टू बिजनेस बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। प्रवासी भारतीयों और प्रदेशवासियों को संबोधित करने के साथ वे स्कूली बच्चों से भी बातचीत करेंगे और प्रदेश की विकास यात्रा साझा करेंगे। समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

————————

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में पात्र

नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने और मतदाता सूची को शुद्ध एवं अपडेट करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने के लिए आज प्रदेश भर के सभी मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि एक करोड़ 66 लाख से अधिक नो मैपिंग और तार्किक विसंगतियों के नोटिसों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। कुशीनगर, मऊ, कानपुर देहात और अमरोहा सहित विभिन्न जिलों में सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लबल अधिकारियों ने लोगों से नाम जोड़ने, संशोधन कराने और आपत्तियां दर्ज करने के आवेदन स्वीकार किये। इस दौरान जिलाधिकारियों ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

————————

होली पर लखनऊ आने और जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने होली स्पेशल दो आर ट्रेनों की घोषणा की है। ये ट्रेनें 26 फरवरी से चलेंगी। फिरोजपुर से दानापुर और ऋषिकेश से कोलकाता के बीच इनका संचालन होगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि ये ट्रेनें विशेष दिनों में चलाई जायेंगी और प्रदेश के कइ जिलों से होकर गुजरेंगी।

————————

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।

————————————